पानीपत, मंगलवार, 23 अप्रैल, 2024
जागरण सिटी
दैनिक जागरण
जींद



सीआरएसयू करवाएगी यूपीएससी की तैयारी

www.jagran.com

जीवन में मेहनत से मिलता मुकाम : प्रतिभा



# यूपीएससी की तैयारी करवाएगा सीआरएसयू

जागरण संवाददाता • जींद : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से सिविल सर्विसेज को आजीविका क्यों चुनें विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि आइएएस अंकित कुमार रहे।

वीसी डा. रणपाल सिंह ने सभागार में उपस्थित विद्यार्थियों को बताते हुए कहा कि जब वे इस परीक्षा की तैयारी किया करते थे, तो काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। जिसमें मार्गदर्शन और संसाधनों की कमी शामिल है। उन्हीं कठिनाइयों का सामना विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को ना करना पड़े, इसी उद्देश्य से उन्होंने अथक प्रयास से उड़ान आइएएस को विश्वविद्यालय में आमंत्रित किया और उड़ान आइएएस के साथ एमओयू किया है। इस एमओयू के अंतर्गत यूपीएससी की कोचिंग एससी-एसटी विद्यार्थियों को निश्शुल्क और अन्य को कम फीस पर उपलब्ध करवाई जा रही है। रजिस्ट्रार प्रो. लवलीन मोहन ने सिविल सर्विसेज के बारे में कहा कि हर एक विद्यार्थी को अपने जीवन में कम से कम एक बार ईमानदारी से इस परीक्षा के लिए पढ़ाई जरूर करनी चाहिए। यह पढ़ाई ना सिर्फ आपको एक सुरक्षित व्यवसाय प्रदान करती है, बल्कि आपको भारत का एक जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनने में मदद करती है।



सीआरएसयू में कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते वीसी डा. रणपाल सिंह। • सौ. विवि

मुख्यातिथि आइएएस अंकित कुमार चौकसे ने सिविल सर्विसेज की परीक्षा के अपने अनुभव सभी विद्यार्थियों के साथ साझा किए। परीक्षा के विभिन्न चरणों के बारे में समझाते हुए उन्होंने हर चरण की विभिन्न कठिनाइयों और उनका समाधान कैसे किया जाए, इसका विवरण दिया। उन्होंने कहा कि असफल होना मान्य है, लेकिन हताश व निराश होना नहीं। उन्हें भी अपने चौथे प्रयास में आइएएस में सफलता मिली और इस दौरान समाज का कल्याण करने की उनकी चाहत ने उन्हें प्रेरित किए रखा। उन्होंने कहा कि आइएएस ही एकमात्र ऐसा व्यवसाय है, जो आपको कभी भी बोर नहीं होने देगा। सर्विस में दाखिल होते ही आप पंचायत स्तर के कार्यों और समस्याओं से परिचित करवाए जाएंगे। उड़ान आइएएस की निर्देशिका डा. जयश्री चौधरी ने बताया कि उड़ान आइएएस और चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के इस प्रयास का उद्देश्य है शिक्षार्थ आइये-सेवार्थ जाइये।

अमर उजाला

Date: 23.04.2024

# सफल होने के लिए विद्यार्थी समयबद्ध तरीके से करें तैयारी

## सीआरएसयू में सिविल सर्विसेज को आजीविका क्यों चुने कार्यक्रम का आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी



सीआरएसयू में विद्यार्थियों को संबोधित करते आईएएस अंकित चौकसे। संवाद

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में सोमवार को ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से 'सिविल सर्विसेज को आजीविका क्यों चुने' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि आईएएस अंकित कुमार चौकसे का विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. रणपाल सिंह ने स्वागत किया।

चौकसे ने सिविल सर्विसेज की परीक्षा के अपने अनुभव को सांझा करते हुए कहा कि असफल होना स्वीकार है, पर हताश और निराश होना नहीं। उन्हें भी अपने चौथे प्रयास में आईएएस में सफलता मिली और इस दौरान समाज का कल्याण करने की उनकी चाहत ने उन्हें प्रेरित किए रखा। अपने गुरुओं, माता-पिता के आशीर्वाद से वे आज देश की सेवा कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आईएएस ही एकमात्र ऐसा व्यवसाय है जो आपको कभी भी बोर नहीं होने देगा। सर्विस में दाखिल होते ही आप पंचायत स्तर के कार्यों और समस्याओं से परिचित करवाए जाएंगे और समय के साथ-साथ आप पीएमओ में भी अपनी सेवाएं दे सकेंगे।

उन्होंने कहा कि अपनी तैयारी लक्ष्य को ध्यान में रखकर समयबद्ध तरीके से करेंगे तो सफलता जरूर मिलेगी। वीसी डॉ. रणपाल सिंह ने कहा कि जब वे इस परीक्षा की तैयारी करते थे तो उस समय जिन कठिनाइयों का उन्हें सामना करना पड़ा जैसे कि मार्गदर्शन और संसाधनों की कमी, उन्हीं कठिनाइयों का सामना विश्वविद्यालय के छात्रों को न करना पड़े, इसी उद्देश्य से उन्होंने अथक प्रयास से उड़ान आईएएस को विश्वविद्यालय में आमंत्रित किया और उड़ान आईएएस के साथ एमओयू किया है।

उन्होंने बताया कि इस एमओयू के तहत यूपीएससी की कोचिंग एससी, एसटी छात्रों को निशुल्क और अन्य को रियायती फीस पर उपलब्ध करवाई जा रही है। छात्रों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए वे हमेशा कर्मठता के साथ कार्य करते रहेंगे।

कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने सिविल सर्विसेज के बारे में संदेश दिया कि सभी छात्र को अपने जीवन में कम से कम एक बार ईमानदारी से इस परीक्षा के लिए पढ़ाई जरूर करनी चाहिए। यह पढ़ाई न सिर्फ आपको एक सुरक्षित व्यवसाय प्रदान करती है, बल्कि आपको भारत का एक जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनने में मदद करती है। उड़ान आईएएस की निदेशिका डॉ. जयश्री चौधरी ने बताया कि विश्वविद्यालय के इस प्रयास से, जिसका उद्देश्य है शिक्षार्थ आइये, सेवार्थ जाइये, वह छात्रों के सशक्त और उज्ज्वल भविष्य में सहायक साबित होगा।

पंजाब केसरी

Date: 23.04.2024

# असफलता मान्य है, निराशा नहीं : अंकित कुमार चौकसे



कार्यक्रम को संबोधित करते वी.सी. ।

जींद, 22 अप्रैल (ललित) : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सैल द्वारा 'सिविल सर्विसेज को आजीविका क्यों चुने' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलन करके हुआ।

विश्वविद्यालय कुलपति डॉ. रणपाल सिंह ने मुख्यातिथि आई.ए.एस. अंकित कुमार चौकसे का स्वागत किया। उन्होंने सभागार में उपस्थित सभी को बताते हुए कहा कि जब वे इस परीक्षा की तैयारी किया करते थे तो उस समय जिन कठिनाइयों का उन्हें सामना करना पड़ा (जैसे कि मार्गदर्शन और संसाधनों की कमी), उन्हीं कठिनाइयों का सामना विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को न करना पड़े, इसी उद्देश्य से उन्होंने अथक प्रयास से 'उड़ान आई.ए.एस.' को विश्वविद्यालय में आमंत्रित किया और 'उड़ान आई.ए.एस.' के साथ एम.ओ.यू. किया है। उन्होंने बताया कि इस एम.ओ.यू. के अंतर्गत यू.पी.एस.सी. की कोचिंग एस.सी., एस.टी. छात्रों को नि:शुल्क और अन्य को रियायती फीस पर उपलब्ध करवाई जा रही है और विद्यार्थियों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए वे हमेशा कर्मठता के साथ कार्य करते रहेंगे।

विश्वविद्यालय कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने सिविल सर्विसेज के बारे में संदेश दिया कि हर एक विद्यार्थी को अपने जीवन में कम से कम एक बार ईमानदारी से इस परीक्षा के लिए पढ़ाई जरूर करनी चाहिए, यह पढ़ाई न सिर्फ आपको एक सुरक्षित व्यवसाय प्रदान करती है बल्कि आपको भारत का एक जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनने में मदद करती है।

उड़ान आई.ए.एस. की निर्देशिका डॉ. जयश्री चौधरी ने मुख्यातिथि, कुलपति व अन्य सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें बहुत खुशी हुई कि ये कार्यक्रम सभी की गरिमामय उपस्थिति से जीवंत हुआ। उन्होंने बताया कि 'उड़ान आई.ए.एस.' और चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के इस प्रयास से जिसका उद्देश्य है 'शिक्षार्थ आइए-सेवार्थ जाइए', वह विद्यार्थियों के सशक्त और उज्ज्वल भविष्य में सहायक साबित होगा। इस अवसर पर कुशल मंच संचालन डॉ. अपूर्वा द्वारा किया गया।

दैनिक भास्कर
ई-पेपर

Date: 23.04.2024

# असफल होना मान्य है, परंतु हताश व निराश होना नहीं : अंकित कुमार

भास्कर न्यूज | जींद

सीआरएसयू में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा सिविल सर्विसेज को आजीविका क्यों चुने कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कुलपति डॉ. रणपाल सिंह ने मुख्य अतिथि आईएएस अंकित कुमार चौकसे का स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने सिविल सर्विसेज की परीक्षा के अपने अनुभव विद्यार्थियों के साथ साझा किए।

उन्होंने कहा कि असफल होना मान्य है, परंतु हताश व निराश होना नहीं। उन्हें भी अपने चौथे प्रयास में आईएएस में सफलता मिली और इस दौरान समाज का कल्याण करने की उनकी चाहत ने उन्हें प्रेरित किए रखा। उन्होंने कहा कि आईएएस ही एकमात्र ऐसा व्यवसाय है, जो आपको कभी भी बोर नहीं होने देगा। सर्विस में दाखिल होते ही आप पंचायत स्तर के कार्यों और समस्याओं से परिचित करवाए जाएंगे और समय के साथ-साथ आप पीएमओ में भी अपनी सेवाएं दे सकेंगे। इसी कड़ी में विद्यार्थियों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि अपनी तैयारी को समयबद्ध, लक्ष्य, दृष्टिकोण के साथ करने पर सफलता निश्चित मिलती है।



जींद. सीआरएसयू में संबोधित करते आईएएस अंकित कुमार चौकसे।

दैनिक सवेरा टाइम्स

Date: 23.04.2024

# असफलता मान्य है, निराशा नहीं : आईएएस अंकित कुमार

## सीआरएसयू में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा ह्सिविल सर्विसेज को आजीविका क्यों चुनेंह् कार्यक्रम का आयोजन किया

सवेरा न्यूज/नरेंद्र

जींद, 22 अप्रैल : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद में ह्यूपीएससी को आजीविका के रूप में क्यों चुनेंह् कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलन करके हुआ। विश्वविद्यालय कुलपति डॉ. रणपाल सिंह ने मुख्य अतिथि आईएएस अंकित कुमार चौकसे का स्वागत किया।

आईएएस अंकित कुमार चौकसे ने कहा कि जब वे इस परीक्षा की तैयारी किया करते थे तो उस समय जिन कठिनाइयों का उन्हें सामना करना पड़ा (जैसे कि मार्गदर्शन और संसाधनों की कमी), उन्हीं कठिनाइयों का सामना विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को न करना पड़े, इसी उद्देश्य से उन्होंने अथक प्रयास से ह्उड़ान आईएएसह् को विश्वविद्यालय में आमंत्रित किया और ह्उड़ान आईएएसह् के साथ एमओयु किया है। उन्होंने बताया कि इस एमओयु के अंतर्गत युपीएससी की कोचिंग एससी, एसटी विद्यार्थियों को निशुल्क और अन्य को रियायती फीस पर उपलब्ध करवाई जा रही है और विद्यार्थियों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए वे हमेशा कर्मठता के साथ कार्य करते रहेंगे।

विश्वविद्यालय कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने सिविल सर्विसेज के बारे में संदेश दिया कि हर एक विद्यार्थी को अपने जीवन में कम से कम एक बार ईमानदारी से इस परीक्षा के लिए पढ़ाई जरूर करनी चाहिए, यह पढ़ाई ना सिर्फ आपको एक सुरक्षित व्यवसाय प्रदान करती है बल्कि आपको भारत का एक जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनने में मदद करती है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आईएएस अंकित कुमार चौकसे ने सिविल सर्विसेज की परीक्षा के अपने अनुभव सभी विद्यार्थियों के साथ सांझा किये।



विद्यार्थियों को सम्बोधित करते मुख्यातिथि।

परीक्षा के विभिन्न चरणों के बारे में समझाते हुए उन्होंने हर चरण की विभिन्न कठिनाइयों और उनका समाधान कैसे किया जाए इसका विवरण दिया।

उन्होंने कहा कि आईएएस ही एकमात्र ऐसा व्यवसाय है जो आपको कभी भी ह्बोरह् नहीं होने देगा, सर्विस में दाखिल होते ही आप पंचायत स्तर के कार्यों और समस्याओं से परिचित करवाए जायेंगे और समय के साथ-साथ आप पीएमओ में भी अपनी सेवाएं दे सकेंगे। इसी कड़ी में विद्यार्थियों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि अपनी तैयारी को समयबद्ध लक्ष्य दृष्टिकोण के साथ करने पर सफलता निश्चित मिलती है अथवा सभी विद्यार्थिओं को इस ह्उड़ान आईएएसह् के द्वारा दी जा रही कोचिंग का फायदा उठाना चाहिए।